(16)

मॉडल टेस्ट पेपर

कक्षा- सातवीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय 3 घंटे

कुल अंक-90

प्रश्न-I निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

1.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'समुद्र' शब्द का पर्याय है ?

क) सरिता ख) नदी ग) सागर घ) धारा

2.निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'पेड़' शब्द का पर्याय है ?

क) आम ख) शीशम ग) वृक्ष घ) जामुन

3 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) बुदधी ख) बुद्धी ग) बुद्दी घ) बुद्धि

4 निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

क) विषेश ख) विसेश ग) विशेष घ) विषेस

5) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें--

क) सोना ख) वीर ग) हम घ) बेटा

6) निम्नलिखित में से क्रिया शब्द चुनकर लिखें-

क) तलवार ख) पीछे ग) कल घ) देखना

7. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य भूतकाल का उदाहरण है?

क) बाबा ने घोड़ा रोका। ख) अपाहिज घोड़े को दौड़ाता है।

ग) घोड़ा हिनहिनाएगा । घ) घोड़ा हिनहिना रहा है।

8.निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य वर्तमान का उदाहरण है?

क) खड्ग सिंह एक प्रसिद्ध डाकू था। ख) उसकी चाल तुम्हारा मन मोह लेगी।

ग) घोड़ा हिनहिनाया । घ) बाबा जी, यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा।

9. निम्नलिखित में से कौन सा उदाहरण कर्त्तृवाच्य से सम्बन्धित है?

क) धीरा जूते पालिश करता था। ख) धीरा द्वारा धुन गुनगुनायी जा रही थी।

ग) धीरा से रहा नहीं गया। घ) धीरा द्वारा जूते पालिश किए जाते थे।

10. निम्नलिखित में से कौन सा उदाहरण भाववाच्य से सम्बन्धित है?

क) धीरा धुन गुनगुना रहा था। ख) धीरा से रहा नहीं गया।

ग) धीरा द्वारा जूते पालिश किए जाते थे। घ) धीरा जूते पालिश करता था।

11.निम्नलिखित में से कालवाचक क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखें--

क) यहाँ ख) पीछे ग) कल घ) धीरे-से

12.निम्नलिखित में से परिमाणवाचक क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखें--

क) आज ख) अधिक ग) थोड़ा घ) अचानक

13. गिल्लू परदे पर चढ़ा और नीचे उतर गया - इस वाक्य में आए निम्नलिखित शब्दों में से सही योजक शब्द चुनें।

क) परदे ख) चढ़ा ग) और घ) उतर

14.. गिल्लू अन्य खाने की चीज़ें लेना बंद कर देता था या झूले से नीचे फेंक देता था।- इस वाक्य में आए निम्नलिखित शब्दों में से सही योजक शब्द चुनें।

क) गिल्लू ख) बंद ग) चीज़ें घ) या

15. खड्ग सिंह कौन था?

क) बाबा भारती ख) डाकू ग) सुलतान घ) घोड़ा

16. 'राष्ट्रीय गान' के रचयिता का नाम लिखिए।

क) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर

ग) महात्मा गाँधी घ) सम्राट अशोक

17. निम्नलिखित में से किस शब्द में आधे ' र ' का प्रयोग हुआ है ?

क) 'प्रकाश' ख) धर्म ग) ट्रैफिक घ) सम्राट

18. निम्नलिखित में से किस शब्द में पूरे 'र' (पदेन) का प्रयोग हुआ है ?

क) रोगी ख) 'प्रतिज्ञा' ग) 'वर्षा' घ) कर्म 18×1=18

भाग ख

प्रश्न-II 1.निम्नलिखित में से किन्हीं दो के लिंग बदलें

देवी, पति, वीर

2.निम्नलिखित में से किन्हीं दो के वचन बदलें :

चिड़िया, सिपाही, घड़ी,

3.निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विपरीत शब्द लिखें :

शीतल, बीमार, स्वतंत्रता

4.निम्नलिखित में से किन्हीं दो की भाववाचक संज्ञा बनाएं :

लड़का ,बिखरना, आवश्यक

5.निम्नलिखित में से किन्हीं दो के विशेषण बनाएं :

चमक,विश्वास, भारत

6.निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :

विद्या प्राप्त करने वाला, जिसका कोई अंग ठीक ना हो, चार रास्तों का समूह

7 **निम्नलिखित में से उपयुक्त सम्बन्धबोधक शब्द चुनकर लिखिए :**

(i) हमने चिन्मय तपोवन --------प्रस्थान किया । (की ओर/ की तरह)

(ii) पालम की घाटी सुंदरी ---------- प्रतीत होती है। (के लिए/ की तरह)

8 **निम्नलिखित में से उपयुक्त विस्मयादिबोधक शब्द चुनकर लिखिए :**

(i) -------- मैं क्या झूठ बोल रहा हूँ । (वाह/अरे)

(ii) .....मुझे आपसे यही आशा थी। (आह/शाबाश)

9 विराम चिह्न लगाएं

(i) यह कौन है क्या साक्षात दुर्गा कलिंग की रक्षा करने के लिए आई है

(ii) ना ना मैं स्त्री वध नहीं करूँगा 9×2=18

(18)

भाग ग

प्रश्न-III निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश का सरलार्थ करें :

भारत के कोने-कोने से हम सब बच्चे आए हैं।
नई उमंगों-आशाओं का हम सन्देशा लाए हैं।।

अथवा

आनन्दपुर साहिब के बाहर जब हुआ युद्ध घमासान,
दशमेश गुरु का हर सिख लड़ा हथेली पर रख जान। 5

प्रश्न-IV निम्नलिखित में से किन्ही तीन शब्दों के अर्थ लिखें :

अशेष, पूर्णाहुति, नेकदिल, अनगिनत , शहादत 3×1=3

प्रश्न-V निम्नलिखित में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर एक दो वाक्यों में दें :

(i) 'परमात्मा जो करता है अच्छा ही करता है' पाठ में राजा ने अपने घोड़े को कहाँ पर बाँधा?
(ii) रक्त समूह कितने प्रकार के होते हैं ?
(iii) धर्मशाला किस पर्वतमाला की गोद में बसा है
(iv) 'हार की जीत' पाठ में बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था?
(v) गिल्लू कौन था?
(vi) स्वराज्य की नींव' पाठ में आस्तीन का सांप किसे कहा गया है?
(vii) फूल और काँटा कहाँ जन्म लेते हैं? 5×1=5

प्रश्न नंबर प्रश्न-VI निम्नलिखित में से किन्ही 3 प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में दें :

(i) बाबा भारती को अपना घोड़ा क्यों प्रिय था?
(ii) हॉकी को राष्ट्रीय खेल क्यों स्वीकार किया गया?
(iii) प्रश्न-विजय दिवस क्यों मनाया जाता है?
(iv) धीरा की होशियारी पाठ में चोर कौन था?
(v) अशोक अपने शिविर में परेशान क्यों था? 3×3=9

भाग घ

प्रश्न-VII आपसे स्कूल की खिड़की का शीशा टूट गया है, इसलिए स्कूल की मुख्य अध्यापिका को क्षमा मांगते हुए पत्र ।

अथवा

गर्मियों की छुट्टियों में अपने घनिष्ठ मित्र को छुट्टियाँ एक साथ मनाने के लिए निमंत्रण पत्र। 7

प्रश्न-VIII निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120-150 शब्दों में निबन्ध लिखें :

मेरी कक्षा का कमरा, आंखों देखा मैच, दीवाली 10

प्रश्न-IX निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर कहानी लेखन लिखें :

बिल्ली और दो बंदर, दो मित्र और रीछ 5

भाग ङ

प्रश्न-X निम्नलिखित में से किन्ही 3 मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :

पीठ थपथपाना ,बाल भी बांका ना होने देना, मौत के घाट उतारना, चेहरा पीला पड़ना, छक्के छुड़ाना 3×2=6

भाग च

प्रश्न-XI निम्नलिखित में से किन्ही 4 पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद करें :

ਤਬੇਲਾ, ਫ਼ਜ਼ੂਲ, ਆਲ੍ਹਣਾ, ਲੁਕਣ-ਮੀਟੀ ਆਵਾਜਾਈ, ਹਨੇਰਾ 4